आत्मनिर्भर बनने हेतु कोरोना वायरस जागरूकता पर आर बाल्की द्वारा निर्देशित डेढ़ मिनट के विज्ञापन में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार एवं अखिलेन्द्र मिश्रा

प्रख्यात समाजवादी राजनेता बिहार में पहली बार जार्ज फर्नांडिस जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाया गया, मुजफ्फरपुर के सिटी पार्क में जार्ज फर्नांडिस की आदमकद प्रतिमा का अनावरण पृष्ठ 2

आईजी ने की बड़ी कार्रवाई - पुलिस की सेवा से बर्खास्त किए गए तीन पुलिस अफसर

भारत में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमितों की संख्या 2 लाख पार, आईसीएमआर ने कहा कि देश में कोरोना वायरस का पीक सीजन आना बाकी

युवराज NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

# न्यूज़ टुडे

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

www.newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 09+02-03 तिथि : 02-03 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272,

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## आत्मनिर्भर बनने हेतु कोरोना वायरस जागरूकता पर आर बाल्की द्वारा निर्देशित डेढ़ मिनट के विज्ञापन में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार एवं अखिलेन्द्र मिश्रा



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार लॉकडाउन में विज्ञापन की शूटिंग की थी अब वो एड सामने आ गया है। कोरोना वायरस जागरूकता पर आर बाल्की द्वारा निर्देशित डेढ़ मिनट के विज्ञापन में, अभिनेता अक्षय कुमार का किरदार काम पर जाता दिखता है और लोगों को भी काम पर जाने की लिए प्रेरित करता है। पीआईबी इंडिया ने ट्विटर पर विज्ञापन शेयर किया है, और कैप्शन में लिखा है– ''कोविड–19 के साथ हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है, लेकिन हम वायरस से डरेंगे नहीं। हम पूरी सावधानी बरतेंगे और अब हम जिंदगी में आगे बढ़ेंगे।''

विज्ञापन को एक गाँव की में शूट किया गया है जहां अक्षय, और उनके पड़ोसी अखिलेन्द्र मिश्रा के बीच बातचीत दिखाई गई है। पड़ोसी अक्षय से पूछता है कि वो बाहर क्यों घूम रहे हैं, जवाब में अक्षय बताते हैं कि वो काम पर जा रहे हैं। अक्षय कहते हैं कि हम पूरी सुरक्षा के साथ काम करेंगे जैसे डॉक्टर्स और नर्स कर रहे हैं। अंत में अक्षय लोगों से आत्मनिर्भर बनने को भी कहते हैं।

कमालिस्तान स्टूडियो में जरूरी सावधानियां बरतते हुए शूटिंग की गई थी। अस बारे में बात करते हुए आर बाल्की ने कहा कि यह विज्ञापन स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए है और टीम ने मास्क पहनने तथा कम से कम लोगों के साथ काम करने समेत सभी जरूरी सावधानियां बरती।

उन्होंने कहा, ''यह हम सभी के लिए लॉकडाउन के बाद की जिम्मेदारियों के बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय का विज्ञापन था जिसमें अक्षय कुमार हैं। हमें काम पर लौटना होगा, लेकिन अपनी तथा दूसरों की सुर क्षा का ख्याल रखना होगा। शूटिंग में हमने यही किया।'' बाल्की ने कहा, ''बहुत कम लोग थे और बहुत सख्त प्रोटोकॉल थे।

## कोरोना वायरस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संबोधन, कहा- मास्क पहनिये, काम पर चलिये



रिंकू गिरी,
संवाददाता

कोरोना स्पेशल




सीएम नीतीश कुमार आज राज्य के सभी ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे है. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नीतीश कुमार जनप्रतिनिधियों से जुड़े हुए हैं. सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हर जिले के 2–2 क्वॉरेंटाइन सेंटर को देखा. सीएम नीतीश कुमार ने क्वारंटाइन सेंटर में रह रहे लोगों को देखा. सीएम नीतीश कुमार ने खाने, रहने और शौचालय की व्यवस्था तक का जायजा लिया गया.

सीएम नीतीश कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि आपलोग लोगों को मास्क लगाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें. जापान जैसे देश में पहले से ही वहां पर लोग मास्क का प्रयोग करते हैं. जिसका फायदा हुआ कि वहां पर अधिक संक्रमण नहीं हुआ है.सीएम ने कहा कि क्वॉरेंटाइन सेंटर में उनको रखा गया है तो कोरोना के रेड जोन से आए है. बाकी जगहों से आए लोगों को होम क्वॉरेंटाइन की सलाह दी जा रही है. जांच भी हो रहा है. होम क्वॉरेंटाइन के लिए पल्स पोलियो अभियान के जैसे निरंतर जांच किया जा रहा है. क्वॉरेंटाइन सेंटर में जांच करने के दौरान भी कोरोना पॉजिटिव निकल जा रहे हैं.

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि 10 हजार कोरोना टेस्ट का लक्ष्य हमलोग पूरा करेंगे. अभी संक्रमित लोगों को आइसोलेशन वार्ड में रखा जा रहा है. कुल बेडों की संख्या साढे 21 हजार बेड है. इसको बढ़ाकर 40 हजार किया जा रहा है. सबसे फोकस संक्रमण रोकने को लेकर हैं. इसको लेकर दो गज की दूरी बनाकर रहना है. पूरी दुनिया में मास्क का इस्तेमाल किया जा रहा है. मास्क रोकथाम में कारगर है.

## आईजी ने की बड़ी कार्रवाई - पुलिस की सेवा से बर्खास्त किए गए तीन पुलिस अफसर



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




शराब माफियाओं का साथ देने वाले पटना पुलिस में रहे तीन अफसरों के खिलाफ सेंट्रल रेंज के आईजी संजय सिंह ने बड़ी की कार्रवाई की है. आरोपी तीनों अफसरों को पुलिस की सेवा से हमेशा के लिए बर्खास्त कर दिया है.

जिन तीन पुलिस अफसरों को पुलिस की नौकरी से हटाया गया है, उनमें दो सब इंस्पेक्टर और एक एएसआई है. जिस वक्त इन तीनों के उपर शराब माफियाओं का साथ देने का आरोप लगा था,

उस दौरान ये सभी पटना के ही बेउर थाना में पोस्टेड थे.सब इंस्पेक्टर विशम्भर प्रसाद और सुनील कुमार पर पिछले साल 2019 में शराब माफिया का साथ देने का आरोप लगा था.

आरोप है कि इन्होंने ने रुपए लेकर अवैध शराब के साथ पकड़े गए शराब माफिया को थाना से छोड़ दिया था. इसी तरह बेउर थाना में ही पोस्टेड एएसआई श्रवण कुमार के उपर 2017 में शराब माफियाओं के साथ मिलकर अवैध तरीके से देशी शराब बनवाने और उसे बेचने का आरोप लगा था.

## संविधान से इंडिया शब्द हटाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का दखल देने से इनकार



सम्राट, संवाददाता




संविधान से इंडिया शब्द हटाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दखल देने से इनकार कर दिया है. कोर्ट ने कहा कि याचिका को सरकार के पास रिप्रेजेंटेशन के तौर पर माना जाए और केंद्र को ज्ञापन दिया जा सकता है.

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) एसए बोबडे ने कहा कि हम ये नहीं कर सकते क्योंकि पहले ही संविधान में भारत नाम ही कहा गया है.याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन कर इंडिया शब्द हटा दिया जाए. अभी अनुच्छेद 1 कहता है कि भारत अर्थात इंडिया राज्यों का संघ होगा. इसकी जगह संशोधन करके इंडिया शब्द हटा दिया जाए और भारत या हिन्दुस्तान कर दिया जाए. देश को मूल और प्रमाणिक नाम भारत से ही मान्यता दी जानी चाहिए.

याचिकाकर्ता ने कहा था कि इंडिया शब्द गुलामी की निशानी है और इसीलिए उसकी जगह भारत या हिंदुस्तान का इस्तेमाल होना चाहिए. अंग्रेजी नाम का हटना भले ही प्रतीकात्मक होगा, लेकिन यह हमारी राष्ट्रीयता, खास तौर से भावी पीढ़ी में गर्व का बोध भरने वाला होगा.




## भारत में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमितों की संख्या 2 लाख पार, आईसीएमआर ने कहा कि देश में कोरोना वायरस का पीक सीजन आना बाकी



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

अनलॉकडाउन 1.0




भारत में कोरोना वायरस (कोविड–19) का कहर जारी है. संक्रमितों की संख्या 2 लाख पार कर गई है. इसके साथ ही यह दुनिया का सातवां देश हो गया है, जहां इतने अधिक लोग कोरोना पॉजिटिव पाए जा चुके हैं.

भारत से पहले अमेरिका, ब्राजील, रूस, स्पेन, ब्रिटेन और इटली ने 2 लाख केस का आंकड़ा पार किया है. देश में अब औसतन 8 हजार नए केस रोज रिकॉर्ड हो रहे हैं और 300 के करीब लोगों की जान जा रही है. इस बीच इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने कहा कि देश में कोरोना वायरस का पीक सीजन आने में अभी काफी वक्त है.

कोविड–19 के रोजाना औसतन 8 हजार केस आने से माना जा रहा था कि ये कोरोना का पीक सीजन है, लेकिन आईसीएमआर के साइंटिस्ट डॉ. निवेदिता गुप्ता की मानें तो भारत कोरोना के पीक सीजन से अभी बहुत दूर है. कोरोना को रोकने के लिए हमारी कोशिशें और सरकार द्वारा लिए गए फैसले काफी कारगर साबित हो रहे हैं. यही वजह है कि बाकी देशों की तुलना में हमारी स्थिति काफी बेहतर है. आईसीएमआर के साइंटिस्ट डॉ. निवेदिता गुप्ता आगे कहती हैं कि ऐसे समय में हमारी पूरी कोशिश कम्युनिटी ट्रांसमिशन को रोकने की होनी चाहिए.

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) के डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी कहा कि भारत में जून या जुलाई में कोरोना वायस के मामले अपने चरम पर पहुंच सकते हैं. गुलेरिया ने कहा, 'भारत में कोविड–19 के मामले चरम पर कब होंगे, इसका जवाब मॉडलिंग डेटा पर निर्भर करेगा. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों विशेषज्ञ डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं. उनमें से अधिकांश ने अनुमान लगाया है कि भारत में जून या जुलाई में मामलों की संख्या अपने चरम पर पहुंच सकती है.'
हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि जब कोई संक्रामक बीमारी चरम पर पहुंचती है, तो इसका मतलब यह नहीं हो सकता है कि इसका प्रकोप खत्म हो गया है. आमतौर पर इसका मतलब है कि सबसे खराब स्थिति खत्म हो चुकी है. मगर बाद में इस महामारी का सेंकड वेब आ सकता है.

कोविड–19 भी ऐसी खतरनाक महामारी है

राहत की बात है कि सबसे प्रभावित देशों के मुकाबले भारत का रिकवरी रेट काफी बेहतर है. यहां अब तक 2 लाख मरीजों में से 95 हजार 852 मरीज ठीक हो चुके हैं. हमारा रिकवरी रेट अभी 48.3: है. इसका मतलब ये है कि हर 100 में से 48 मरीज ठीक हो रहे हैं. यूके में सबसे कम रिकवरी रेट है. यहां अभी तक दो लाख मरीजों में सिर्फ 0.001: मरीज ही ठीक हो पाए हैं.

## पटेल ने कराया खाद्य राहत सामग्री का वितरण



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




लॉकडाउन के विकट परिस्थिति में पिछले दो माह से लगातार गरीब व असहाय लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण रामगढ़वा थाना क्षेत्र के शिवनगर पंचायत के सतपिपरा गांव निवासी सह समाजसेवी महेश पटेल दिल्ली में रहकर भी लोगों तक लगातार मदद पहुंचा रहें हैं। इनके इस कार्य का सराहना पूरे पंचायत में हो रहा है। सोमवार को पंचायत के विभिन्न गांवो में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए खाद्य सामग्री का वितरण किया।

इस दौरान पटेल ने दुरभाष पर बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा सेवा है। इसके पूर्व में भी पटेल पंचायत के सभी गांवों के मंदिर में लाऊड स्पिकर लगा चुके है। इनके कार्यों को मुन्ना कुमार पूरा करने में अपना सहयोग कर रहे है।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# प्रख्यात समाजवादी राजनेता बिहार में पहली बार जॉर्ज फर्नांडिस जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाया गया, मुजफ्फरपुर के सिटी पार्क में जॉर्ज फर्नांडिस की आदमकद प्रतिमा का अनावरण



विनम्र श्रद्धांजलि




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

भारत के पूर्व रक्षा मंत्री और बिहार के मुजफ्फरपुर से 5 बार सांसद रहे जॉर्ज फर्नांडिस की आज 91वीं जयंती पर बिहार में पहली बार जॉर्ज फर्नांडिस जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाया गया साथ ही राज्य सरकार द्वारा जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने के निर्णय के तहत आज मुजफ्फरपुर के सिटी पार्क में जॉर्ज फर्नांडिस की आदमकद प्रतिमा का अनावरण जिला प्रशासन की मौजूदगी में मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया।

गौरतलब हो की राज्य सरकार के द्वारा प्रख्यात समाजवादी राजनेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती हर साल 3 जून को मुजफ्फरपुर में राजकीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी।
प्रख्यात समाजवादी नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस जी का जन्म 1930 में मंगलुरु कर्नाटक में हुआ था परंतु मुजफ्फरपुर जिला स्वर्गीय फर्नांडिस की कर्मभूमि रही है, जहां से जेल में रहते हुए भी वे लगातार 5 बार सांसद चुने गए थे।

जॉर्ज फर्नांडिस को 10 भाषा हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, मराठी, कन्नड़, उर्दू, मलयाली, तुलु, कोंकणी और लैटिन में उन्हें महारथ हासिल थी। उनकी मां किंग जॉर्ज फिफ्थ की बड़ी प्रशंसक थीं। उन्हीं के नाम पर अपने छह बच्चों में से सबसे बड़े का नाम उन्होंने जॉर्ज रखा था।

अभी किसी भी तरह के समारोहों पर प्रतिबन्ध होने के मद्देनजर आदमकद प्रतिमा का अनावरण सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से पालन करते हुए न्यूनतम व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया।

सांसद अजय निषाद ने कहा की लॉक डाउन होने की वजह से समारोह भव्य रूप से नहीं मनाया जा सका,परंतु अगले वर्ष स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस समारोह में जिला प्रशासन के द्वारा लोक गीत–संगीत का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर सांसद अजय निषाद, विधान पार्षद दिनेश सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत, नगर आयुक्त मनेष कुमार मीणा, पुलिस उपाधीक्षक नगर राम नरेश पासवान, अनुमंडलाधिकारी पूर्वी कुंदन कुमार, नगर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश, जदयू के नेता रणजीत सहनी, अम्ब्रीश कुमार सिन्हा समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।




# नीतीश सरकार का फैसला, सभी ब्लॉक स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर भी १५ जून से बंद कर दिए जाएंगे



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




बिहार वापस लौटने वाले प्रवासी मजदूरों, छात्रों या अन्य लोगों को अब क्वारंटाइन नहीं किया जाएगा. इसके साथ ही प्रदेश के सभी ब्लॉक स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर भी 15 जून से बंद कर दिए जाएंगे. नीतीश सरकार ने फैसला किया है कि अब जो भी प्रवासी वापस आएगा उसे क्वारंटाइन के लिए रजिस्टर नहीं किया जाएगा. बता दें कि राज्य के 5 हजार क्वारंटाइन सेंटर्स में सोमवार तक करीब 13 लाख वापस बिहार लौटे लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया है.

जारी रहेगी स्वास्थ्य निगरानी

बिहार आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि हम 30 लाख से अधिक प्रवासियों को वापस ला चुके हैं और सोमवार शाम से रजिस्ट्रेशन बंद कर रहे हैं. हालांकि उन्होंने कहा कि डोर टू डोर स्वास्थ्य निगरानी जारी रहेगी और चिकित्सा सुविधाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेवल 1 और 2 अस्पतालों तक समान रहेंगी.

2700 से अधिक प्रवासी कोरोना पॉजिटिव

गौरतलब है कि बिहार लौटने वाले कई प्रवासी मजदूरों में से कई में कोविड–19 की पुष्टि हुई है. सोमवार तक प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 3945 थी, जिनमें 2743 प्रवासी हैं. आपदा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ये सभी 3 मई के बाद बिहार वापस लौटे हैं.

कोरोना पॉजिटिव पाए जाने वाले प्रवासियों में सबसे अधिक महाराष्ट्र से लौटने वाले हैं. यहां से आए 677 लोगों को कोरोना की पुष्टि हुई है. इसके अलावा दिल्ली के 628, गुजरात के 405 और हरियाणा के 237 लोग शामिल हैं. वहीं उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के साथ ही अन्य राज्यों से लौटने वाले प्रवासियों में भी कोरोना की पुष्टि हुई है.

सुशील मोदी ने कही ये बात

इधर, सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि विदेशी विशेषज्ञों ने निष्कर्ष निकाला है कि होम क्वारंटाइन सबसे अच्छा होता है. फिर भी हमने प्रवासियों को हर तरह की सुविधाएं दी हैं, जिसमें ट्रेन और बस किराए की भरपाई और 1000 मूल्य की आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं.

सरकार ने पहले भी किया था ऐलान

बता दें कि बीते 31 मई को ही सरकार ने ऐलान किया था कि 15 जून से ब्लॉक लेवल पर बने सभी क्वारंटाइन सेंटर बंद कर दिए जाएंगे. बिहार में देश के अन्य राज्यों से लौटकर आ रहे प्रवासी मजदूरों को ठहराने के लिए सरकार ने प्रखंडस्तर पर ऐसे क्वारंटाइन

# ट्रेन के अंदर कोविड हॉस्पिटल पूरी तरह तैयार, ट्रेन में दुनिया का पहला कोविड हॉस्पिटल दिल्ली सरकार को मिली, 1 कोच में रहेंगें 16 पेशेंट



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




दिल्ली सरकार को कोविड ट्रेन दी गयी है. इस ट्रेन में दुनिया का पहला कोविड हॉस्पिटल तैयार होगा. रेलवे स्टाफ को शाम तक ऑफिस खाली करने का निर्देश दिया गया है.

आपको बता दें कि ये ट्रेन दिल्ली के शकूर बस्ती वाशिंग यार्ड में खड़ी है. सूत्रों से पता चला है कि रेल अधिकारी और डॉक्टर इस रेल गाड़ी का निरीक्षण कर चुके हैं. बुधवार से दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की टीम इस ट्रेन में तैनात की जाएगी. इलाज के लिए वेंटिलेटर और बाकी उपकरण लाए जाएंगे. गुरुवार को ट्रेन के अंदर कोविड हॉस्पिटल पूरी तरह तैयार होने की उम्मीद जताई जा रही है.

वेंटिलेशन और गर्मी से राहत के लिए बनाई गई है खास जगह
इस ट्रेन को पूरी तरह आइसोलेटेड जगह में रखा गया है. ट्रेन को एक स्पेशल शेड के अंदर खड़ा किया गया है. वेंटिलेशन और गर्मी से राहत के लिए बनाई गई है खास जगह. ट्रेन में मेडिकल स्टाफ और डॉक्टर्स के लिए 3 एसी कोच बनाएं गए हैं. पेशेंट के लिए 10 स्लीपर के डिब्बों को मिलाकर आइसोलेशन कोच बनाया गया है.

1 कोच में 16 पेशेंट

खास बात ये है कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए 1 कोच में 16 पेशेंट रखे जाएंगे. जल्द ही 10 कोच की एक और कोविड ट्रेन चलाई जाएगी जिसको कोविड हॉस्पिटल के तौर पर ही तैयार किया जाएगा.

आईसोलेशन कोच की छतों पर खास पेंट लगाएगा रेलवे

कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने के लिए रेलवे ने कई इंतजाम किए. ट्रेनों में स्पेशल आईसोलेशन कोच बनाए गए और उनमें तमाम मेडिकल संसाधन जुटाए गए. पर अब पीड़ितों को राहत देने के लिए रेलवे ने गैर वातानुकूलित आइसोलेशन कोच का तापमान कम करने के लिए उनकी छतों पर तापरोधी पेंट लगाने का फैसला किया है. उम्मीद है कि इससे कोच के अंदर का तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस कम हो जाएगा. दरअसल नीति आयोग ने कहा था कि गर्मी के दिनों में देश के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर चला जाएगा. तब इन कोचों में भर्ती कोरोना पीड़ितों के लिए समस्या पैदा हो जाएगी. स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह पर करीब 5200 कोविड 19 आइसोलेशन कोच तैयार किए हैं.

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

# दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से मनोज तिवारी को हटाया बीजेपी ने, अब आदेश कुमार गुप्ता दिल्ली बीजेपी के नए अध्यक्ष, नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू



बड़ा बदलाव

ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधि




कोरोना संकट के बीच भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से मनोज तिवारी को हटा दिया है. उनकी जगह अब आदेश कुमार गुप्ता दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष होंगे. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने आज संगठन में इस फेरबदल की जानकारी दी. पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि आदेश कुमार गुप्ता को दिल्ली बीजेपी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी. आदेश गुप्ता उत्तरी दिल्ली नगर निगम का महापौर रहे हैं. वर्तमान में वे पटेल नगर से पार्षद हैं.

दो महत्वपूर्ण बदलाव

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक आज पार्टी संगठन में दो महत्वपूर्ण फेरबदल किए गए हैं. दिल्ली और छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्षों में बदलाव किया गया है. दिल्ली में जहां मनोज तिवारी को हटाकर आदेश कुमार गुप्ता को नई जिम्मेदारी दी गई है, वहीं छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है.

पुराने नेता हैं आदेश कुमार

मनोज तिवारी की जगह दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष पद संभालने वाले आदेश कुमार गुप्ता पार्टी के पुराने नेता रहे हैं. वे उत्तरी दिल्ली नगर निगम के मेयर भी रह चुके हैं. वर्तमान में पश्चिमी पटेल नगर से पार्षद हैं. इसके अलावा वे दिल्ली शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड के भी मेंबर हैं. कोरोना वायरस से जंग के दौरान दिल्ली में आदेश कुमार गुप्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहे हैं. जरूरतमंद लोगों को भोजन पहुंचाने या अन्य सहायता करने में वे बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं. हाल ही में कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज को लेकर भी उन्होंने केजरीवाल सरकार के ऊपर सवाल उठाया था. दिल्ली में कोरोना पीड़ितों का सरकारी अस्पतालों में इलाज न होने और प्राइवेट अस्पतालों में ज्यादा पैसे लेकर इलाज करने के आरोप लगाते हुए उनका एक वीडियो भी अभी हाल ही में आया था.




# हिंदी फिल्मों के खलनायक सोनू सूद की तरह भोजपुरी फिल्मों के खलनायक सोनू पाण्डेय भी गरीबों की कर रहे मदद



सम्राट, संवाददाता




हिंदी फिल्मों के खलनायक सोनू सूद जिस तरह इस वैश्विक महामारी में लोगो का मदद कर रहे हैं वैसे ही भोजपुरी फिल्मों के खलनायक सोनू पाण्डेय अपने जिले मुजफ्फरपुर में लोगो को मदद करते दिख रहे हैं। कभी रेलवे स्टेशन तो कभी रोड पर लोगो को खाना–पानी बाटते नजर आ रहे हैं । देखा जाय तो दोनों सोनू परदे पर तो खलनायक की भूमिका में नजर आते हैं, लेकिन वास्तविक जीवन मे वे हीरो हैं।

भोजपुरी स्टार सोनू पाण्डेय का कहना हैं, हम कलाकार बाद में है, उससे पहले एक इंसान हैं। जिस नाते मेरा कर्तव्य बनता हैं कि दूसरों की मदद करें। इस महामारी के पहले भी जब पटना पानी मे डूबा हूआ था तब वहाँ भी सोनू पाण्डेय बाढ़ राहत बाटते नजर आए थे। देखा जाय तो सोनू को कही भी समाज सेवा का मौका मिलता हैं तो बढ़–चढ़ कर अपना योगदान देते हैं। सोनू पाण्डेय बिहार के मुजफ्फरपुर के छाता चौक के निवासी है लेकिन विगत कुछ वर्षों से मुम्बई में रह रहे हैं।

सोनू पाण्डेय ने सोनू सूद को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया और कहा सोनू भाई बिहार आपका ऋणी हो गया।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830